**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या- *240**

**सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)**

**एपीएनए प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से रोजगार के अवसर**

***240. श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि:**

**श्री चिन्तामणि महाराज:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एपीएनए प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी का देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में उत्पन्न रोजगार के अवसरों पर क्या प्रभाव पड़ा है तथा अब तक इससे कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

(ख) सरकार द्वारा उक्त रोजगार के अवसरों में विशेषकर हाथरस जिले में महिलाओं और दिव्यांगजनों की समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए विशेष कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एपीएनए प्लेटफॉर्म द्वारा नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) के अभ्यर्थियों के डेटाबेस तक पहुंच प्राप्त किए जाने की संभावना है;

(घ) यदि हां, तो हाथरस जैसे छोटे जिलों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर इसका क्या संभावित प्रभाव पड़ेगा; और

(ङ) सरकार द्वारा विशेषकर हाथरस और अन्य क्षेत्रों में अभ्यर्थियों के डेटा और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित करने के लिए कार्यान्वित किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार मंत्री**

**(डॉ मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

**"एपीएनए (अपना) प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से रोजगार के अवसर" के संबंध में श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि और श्री चिन्तामणि महाराज द्वारा दिनांक 17.03.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *240 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क) से (ङ):** नौकरी चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 'अपना' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जो भारत के अग्रणी रोजगार भर्ती प्लेटफार्मों में से एक है। एनसीएस पर नौकरी चाहने वालों को मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में रोजगार के व्यापक विकल्प मिलेंगे। यह एक निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए महिलाओं और दिव्यांगजनों सहित सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देगा। यह पहल एनसीएस के गतिशील, समावेशी रोजगार परिदृश्य पर केंद्रित मिशन का समर्थन करती है जिससे सभी प्रकार की पृष्ठभूमि के नौकरी चाहने वालों को उपयुक्त अवसरों को खोजने में मदद मिलती है।

यह सहयोग, प्रतिभा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने, भारत में आर्थिक विकास और कार्यबल विकास को बढ़ावा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी घरेलू रोजगार के अवसरों को मजबूत करते हुए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर सालाना 10 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी।

'अपना' और अन्य समझौता ज्ञापन के भागीदार आवेदन करने वाले उम्मीदवारों और आवेदन न करने वाले पात्र उम्मीदवारों के डेटा को भी प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय करियर सेवा ने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय किए हैं कि डेटा सुरक्षा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुकूल है।

*****